आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.12.2024/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे

मुख्य समाचार

- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–राजनीतिक व आर्थिक मोर्चे पर राज्य सरकार को अस्थिर करने के भाजपा के प्रयास नहीं होंगे कामयाब।
- राज्य सरकार के दो साल के कार्यकाल के जश्न के खिलाफ सात दिसंबर से प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन करेगी भाजपा।
- सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन मशोबरा में शुरू–तीन सौ प्रतिनिधि ले रहे भाग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश मेँ स्वास्थ्य सुविधाओं की अनदेखी को लेकर राज्य सरकार को लिया आड़े हाथ।

अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि भाजपा राजनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर सरकार को अस्थिर करने में लगी है लेकिन उनका ये प्रयास कामयाब नहीं होगा। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी और चुनाव के समय लोगों को दी गई 10 गारंटियों को भी पूरा किया जाएगा। अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा जितने भी नेताओं को बाहर से बुलाकर कांग्रेस की आलोचना करवा ले लेकिन सरकार विकास कार्यों से पीछे नही हटेगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा गुटों में बंटी हुई है और विपक्ष की सकारात्मक भूमिका निभाने में भी फेल हुई है। अग्निहोत्री ने आरोप लगाया है कि प्रदेश से सात सांसद होने के बावजूद हिमाचल को केंद्र से कोई मदद नहीं मिल रही है।

राजीव बिंदल

प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल के जश्न को लेकर भाजपा 7 दिसम्बर से सभी जिलों में धरना प्रदर्शन करेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि इस दौरान लोगों को प्रदेश सरकार की नाकामियां से अवगत कराया जाएगा।

सुरेश कश्यप

केन्द्रीय संचार व ग्रामीण विकास राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्र शेखर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में 5–जी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। सांसद सुरेश कश्यप द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने ये जानकारी दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि 31 अक्तूबर 2024 तक, देश भर में 4 लाख 6 हजार से अधिक 5–जी बी.टी.एस स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश में स्थापित 4 हजार 2 सौ 56 बी.टी.एस भी शामिल हैं।

राजीव भारद्वाज

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने बताया है कि हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के कार्य का सर्वे शुरू किया गया है। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में ये जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस सर्वे के पहले चरण का कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि सर्वे के तहत 25 नवम्बर 2024 तक चंबा, किन्नौर और लाहौल स्पिति जिलों के एक सौ 6 गांवों का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है।

मुकेश अग्निहोत्री

प्रदेश सहकारी समिति और हिमकोफैड के संयुक्त तत्वावधान में शिमला के समीप मशोबरा में आज सहकारिता सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करती है विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन शुरू हुआ। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण करने के लिए नये कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष के बजट में सहकारिता क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए नये कानून प्रस्तावों को विधानसभा में पारित करवाया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने इस सम्मेलन में हिम फैड, वूल फैड और मिल्क फैड जैसे संघो के न आने पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को इनके खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश दिए। इस सम्मेलन में प्रदेश भर की पांच हजार 2 सौ 76 सहकारी समितियों के करीब 3 सौ प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बताया कि दस अक्तूबर 2022 को शुरू किए गए राष्ट्रीय टैली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत इस वर्ष 22 नवम्बर तक 36 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 53 टैली मानस प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं। राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा आज संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इन टैली मानस प्रकोष्ठ ने स्वास्थय सेवाएं शुरू कर दी हैं। केंदीय स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि वर्ष 2016–17 में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जनशक्ति विकास योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के टांडा मेडिकल कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के उत्कृष्टता केंद्र को मंजूरी दी गई है। सांसद सिकंदर कुमार के एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीबाई बांभड़िया ने बताया कि वास्तविक लाभार्थी को केवल आधार प्रमाणीकरण न होने या अन्य तकनीकी कारणों की विफलता से सब्सिडी वाले खाद्यान्न का कोटा प्राप्त करने से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने बताया कि हिमाचल में पौधों व जड़ी बूटियों के लिए और अधिक क्लस्टर केंद्र स्थापित करने को लेकर कोई प्रस्ताव राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है।

## कुलदीप पठानिया

चंबा जिला में सीएसआर से संबंधित कार्यों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज चंबा में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न जल विद्युत परियोजनों के प्रतिनिधियों को सीएसआर के तहत होने वाले कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पठानिया ने बताया कि चंबा जिला में सीएसआर के तहत करीब 22 करोड़ रूपए के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष ने जिला कल्याण समिति के बैठक की भी अध्यक्षता की।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में दवाईयां उपलब्ध न होने पर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कड़ी आलोचना की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि प्रदेश की राजधानी में स्थित आईजीएमसी में कैंसर के मरीजों को सरकार दवाईयां उपलब्ध नहीं करवा पा रही है और ओपन हार्ट सर्जरी के मरीज ऑपरेशन बैड से लौटाए जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि बीमार लोगों के साथ न इंसाफी करने के बाद प्रदेश सरकार व उसके मुखिया राज्य में अंतर्राস्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य व्यवस्था करने के दावे कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि भाजपा कांग्रेस के सभी झूठे दावों को बेनकाब करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रदेश के लोगों को उचित स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए गंभीरता से कार्य करने की सलाह दी है।

## विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वे आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तहत बाग पंचायत में 8 करोड़ की लागत से निर्मित तीन संपर्क सड़कों के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने राज्य पथ परिवहन निगम की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि जल्द ही तीनों रूटों पर बस चलाने के लिए निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे।

## बिक्रम ठाकुर

पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने ऊना जिले में बढ़ते अवैध खनन के मामलों पर राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि उना में अवैध खनन न केवल पर्यावरण के लिए खतरा बन चुका है लेकिन इससे सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि पर्यावरण और सरकारी राजस्व को बचाया जा सके।